रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 05/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** विकल्पों में चार अलग-अलग विलयनों का pH मान दिया गया है। इनमें से कौन-सा लाल लिटमस को नीला कर देगा?

**Ans**
✔ A. 11
✘ B. 6
✘ C. 2
✘ D. 4

**Q.2** एक कार विरामावस्था से चलना प्रारंभ करती है और 20 सेकंड में 72 km/hr की चाल प्राप्त कर लेती है। कार का त्वरण कितना है?

**Ans**
✘ A. 3 $m/s^2$
✘ B. 2 $m/s^2$
✔ C. 1 $m/s^2$
✘ D. 4 $m/s^2$

**Q.3** खाद्य श्रृंखला के उस संबंध को क्या कहा जाता है, जिन्हें शाखन रेखाओं की एक श्रृंखला के रूप में दर्शाया जा सकता है?

**Ans**
✘ A. वर्ल्ड वाइड वेब (World wide web)
✘ B. पोषी स्तर (Trophic level)
✔ C. खाद्य जाल (Food web)
✘ D. मकड़ी जाल (Spider web)

**Q.4** किसी पिंड पर 10 N का बल (F) लगाया जाता है, जिससे वह बल की दिशा में 5 m गति करता है। किया गया कार्य (W) _____ है।

**Ans**
✘ A. 5 J
✔ B. 50 J
✘ C. 15 J
✘ D. 2 J

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य, गॉल्जी कॉम्प्लेक्स से संबंधित नहीं है?

**Ans**
✘ A. यह कोशिका के बाहर पदार्थों का परिवहन और स्राव करता है।
✔ B. यह कोशिका से पदार्थों के प्रवेश और निकास की अनुमति देता है।
✘ C. यह लाइसोसोम का निर्माण करता है जो कोशिका के भीतर पाचन में सहायता करते हैं।
✘ D. यह अंतर्द्रव्यी जालिका से प्राप्त प्रोटीन को संशोधित और संकुलित करता है।

**Q.6** नेत्र का क्रिस्टलीय लेंस मुख्यत: _______________ सहायता करता है।

Ans
- ✗ A. नेत्र में प्रवेश करने वाले प्रकाश की मात्रा को नियंत्रित करने में
- ✓ B. फोकस दूरी का सूक्ष्म समायोजन प्रदान करने में
- ✗ C. मस्तिष्क को सिग्नल भेजने में
- ✗ D. वस्तुओं के रंग का पता लगाने में

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन-सा फ्लोएम ऊतक का घटक है?

Ans
- ✗ A. जाइलम फाइबर (Xylem fibres)
- ✗ B. ट्रेकीड (Tracheids)
- ✓ C. चालनी नलिकाएं (Sieve tubes)
- ✗ D. वाहिकाएं (Vessels)

**Q.8** निम्नलिखित में से कौन-सा, क्रिया और प्रतिक्रिया बल का उदाहरण नहीं है?

Ans
- ✗ A. पैर ज़मीन को पीछे की ओर धकेलता है और ज़मीन पैर को आगे की ओर धकेलती है
- ✓ B. जब बस अचानक रुकती है, तो लोग आगे की ओर गिर जाते हैं
- ✗ C. नीचे की ओर उत्सर्जित गैसों के कारण ऊपर की ओर बढ़ता एक रॉकेट
- ✗ D. तैराक अपने हाथों से पानी को पीछे की ओर धकेलता है

**Q.9** पौधों के लिए बीज प्रसार महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ................।

Ans
- ✗ A. बीजों का आकार बढ़ाता है
- ✓ B. अतिसंकुलता और प्रतिस्पर्धा को रोकता है
- ✗ C. निषेचन के बाद बीज का निष्क्रिय होना सुनिश्चित करता है
- ✗ D. परागण को रोकता है

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग, काष्ठ लुगदी (Wood pulp) के प्रक्रमण के लिए सोडियम हाइड्रॉक्साइड का उपयोग करता है?

Ans
- ✗ A. वस्त्र उद्योग
- ✓ B. कागज उद्योग
- ✗ C. साबुन उद्योग
- ✗ D. खाद्य उद्योग

**Q.11** 11 इलेक्ट्रॉन, 11 प्रोटॉन और 12 न्यूट्रॉन वाले एक उदासीन परमाणु की द्रव्यमान संख्या क्या है?

Ans
- ✗ A. 11
- ✗ B. 22
- ✗ C. 12
- ✓ D. 23

**Q.12** जंतुओं में सुग्राहिता या अनुक्रियता मुख्यत: _________ द्वारा नियंत्रित होती है।

Ans
- ✗ A. श्वसन-तंत्र
- ✗ B. परिसंचारी-तंत्र
- ✗ C. पाचन-तंत्र
- ✓ D. तंत्रिका-तंत्र

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रायोगिक प्रेक्षण, द्रव्य में कणों के अस्तित्व का सर्वाधिक प्रबल प्रमाण प्रदान करता है?

Ans
- ✗ A. जल उबलने पर भाप उत्पन्न करता है
- ✗ B. लवण, ठंडे जल की तुलना में गर्म जल में तीव्रता से विलीन होता है
- ✗ C. बर्फ को गर्म करने पर वह पिघलकर जल बन जाती है
- ✓ D. स्याही की एक बूंद बिना विलोडन किए जल में समान रूप से प्रसारित हो जाती है

Q.14 एक गेंद को प्रारंभिक वेग (u) से ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर उछाला जाता है। समय (t) के बाद, इसका वेग (v) __________ हो जाता है।

Ans
- ✔ A. v = u−gt
- ✘ B. v = u·gtv
- ✘ C. v = gt−uv
- ✘ D. v = u+gt

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✘ A. ध्वनि निर्वात में गमन कर सकती है, क्योंकि यह अनुदैर्ध्य होती हैं।
- ✘ B. ध्वनि वायु की अपेक्षा निर्वात में अधिक तेजी से गमन करती है।
- ✔ C. ध्वनि को गमन करने के लिए एक माध्यम की आवश्यकता होती है, और यह अनुदैर्ध्य होती है।
- ✘ D. ध्वनि तरंगें अनुप्रस्थ होती हैं और उन्हें एक माध्यम की आवश्यकता होती है।

Q.16 विदेशज और स्थानीय मवेशी नस्लों की क्रॉस-ब्रीडिंग का उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✔ A. लंबे दुग्धस्रवण को रोग प्रतिरोधक क्षमता के साथ संयोजित करना
- ✘ B. भोजन की आवश्यकता को कम करना
- ✘ C. पशुओं को अधिक आक्रामक बनाना
- ✘ D. पशुओं को आकार में छोटा बनाना

Q.17 कौन-सा कथन कार्बन की विविधता युक्त प्रकृति से संबंधित नहीं है?

Ans
- ✘ A. इसमें श्रृंखलन होता है।
- ✘ B. यह चतु:संयोजी है।
- ✔ C. यह आयनिक रूप से बंध बना सकता है।
- ✘ D. इसमें एकल, द्वि और त्रिबंध हो सकते हैं।

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, कार्बन के अपररूपों (allotropes) का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✔ A. वे कार्बन के विभिन्न संरचनात्मक रूप हैं जिनके भौतिक गुणधर्म भिन्न लेकिन रासायनिक गुणधर्म समान होते हैं।
- ✘ B. वे कार्बन के विभिन्न समस्थानिक हैं जिनमें न्यूट्रॉनों की संख्या भिन्न-भिन्न होती है।
- ✘ C. वे कार्बन के समावयवी हैं, जिनका आणविक सूत्र समान लेकिन संरचना भिन्न होती है।
- ✘ D. ये विभिन्न तत्वों के साथ कार्बन द्वारा निर्मित यौगिक हैं।

Q.19 छड़ चुंबक के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(i) चुंबकीय क्षेत्र की आपेक्षिक प्रबलता को क्षेत्र रेखाओं की निकटता की कोटि द्वारा दर्शाया जाता है।
(ii) कोई भी दो चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं एक-दूसरे को प्रतिच्छेद नहीं कर सकतीं हैं।

Ans
- ✘ A. न तो (i) और न ही (ii)
- ✘ B. केवल (ii)
- ✔ C. (i) और (ii) दोनों
- ✘ D. केवल (i)

Q.20 यदि किसी चालक का प्रतिरोध 10 Ω है तथा उसमें 5 V का विभवान्तर है, तो उसमें प्रवाहित धारा क्या होगी?

Ans
- ✘ A. 2 A
- ✘ B. 5 A
- ✘ C. 0.2 A
- ✔ D. 0.5 A

**Q.21** निम्नलिखित में से कौन-सा, HIV (मानव प्रतिरक्षान्यूनता विषाणु) के संचरण की रोकथाम में सहायक सुरक्षित यौन संबंध विधि है?

**Ans**
- ✗ A. सुईयों को सावधानीपूर्वक साझा करना
- ✗ B. यौन संबंध के बाद एंटीबायोटिक्स लेना
- ✗ C. नियमित रूप से मल्टीविटामिन लेना
- ✓ D. यौन क्रिया के दौरान कंडोम का उपयोग करना

**Q.22** प्रिज्म की आपतित किरण और निर्गत किरण के बीच के कोण को ..................कहते हैं।

**Ans**
- ✗ A. अपवर्तन कोण
- ✗ B. आपतन कोण
- ✗ C. निर्गमन कोण
- ✓ D. विचलन कोण

**Q.23** थॉमसन के परमाणु मॉडल के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, परमाणु की संरचना का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ A. परमाणु में इलेक्ट्रॉनों से घिरा एक सघन नाभिक होता है।
- ✗ B. परमाणु में केवल न्यूट्रॉन और इलेक्ट्रॉन होते हैं।
- ✗ C. इलेक्ट्रॉन एक केंद्रीय नाभिक के परितः निश्चित कक्षाओं में परिक्रमण करते हैं।
- ✓ D. इलेक्ट्रॉन एक धनावेशित गोले में अंतर्निहित होते हैं।

**Q.24** चिप पैकेटों (chip packets) में नाइट्रोजन गैस की क्या भूमिका होती है?

**Ans**
- ✓ A. यह ऑक्सीकरण को रोकता है।
- ✗ B. यह स्वाद बढ़ाता है
- ✗ C. यह कुरकुरापन बढ़ाता है
- ✗ D. यह नमी को अवशोषित करता है।

**Q.25** मादा प्रजनन तंत्र में निषेचन सामान्यतः कहां होता है?

**Ans**
- ✗ A. योनि
- ✗ B. गर्भाशय
- ✗ C. गर्भाशय ग्रीवा
- ✓ D. डिंबवाहिनी

## Section : Mathematics

**Q.26** एक अर्धगोले की त्रिज्या 3.5 cm है। यदि अर्धगोले का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल, एक गोले के पृष्ठीय क्षेत्रफल के बराबर है, तो गोले का आयतन कितना है?

($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans**
- ✗ A. $\frac{593\sqrt{3}}{8}$ cm$^3$
- ✓ B. $\frac{539\sqrt{3}}{8}$ cm$^3$
- ✗ C. $418\sqrt{3}$ cm$^3$
- ✗ D. $\frac{539\sqrt{3}}{2}$ cm$^3$

**Q.27** 285 मीटर और 235 मीटर लंबी दो ट्रेनें क्रमशः 61 km/hr और 83 km/hr की चाल से विपरीत दिशा में चल रही हैं। पहली ट्रेन दूसरी ट्रेन को कितने समय में पार करेगी?

**Ans**
- ✗ A. 3 सेकंड
- ✓ B. 13 सेकंड
- ✗ C. 5 सेकंड
- ✗ D. 16 सेकंड

**Q.28** राहुल अपनी बहन से 5 वर्ष छोटा है। 3 वर्ष बाद, उनकी आयु का योग 35 वर्ष होगा। राहुल की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 18 वर्ष
- ✗ B. 15 वर्ष
- ✓ C. 12 वर्ष
- ✗ D. 14 वर्ष

**Q.29** एक विक्रेता ने ₹4,800 में 100 दर्जन केले खरीदे और उन्हें ₹20 में 4 केले की दर से बेचा। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 35%
- ✓ B. 25%
- ✗ C. 20%
- ✗ D. 30%

**Q.30** एक नए अपार्टमेंट के लिए फर्नीचर खरीदने हेतु, चांग ने 16% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 18 माह के लिए ₹50,000 उधार लिए। उसे कितने ब्याज का भुगतान करना पड़ेगा?

**Ans**
- ✗ A. ₹10,500
- ✓ B. ₹12,000
- ✗ C. ₹11,000
- ✗ D. ₹11,500

**Q.31** यदि $2a + b + c = 0$ और $8a^3 + b^3 + c^3 = kabc$ है, तो $k^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 36
- ✗ B. 81
- ✗ C. 49
- ✗ D. 16

**Q.32** $-5 \times [-4 \times \{-3-(2 \times (-3) \times (-4) + 5 \times 6) - 3\} \div (-20 \times 3)] \times \frac{0.5}{2 \times 5}$ का सरलीकृत मान ज्ञात करें।

**Ans**
- ✗ A. 4
- ✗ B. 2
- ✗ C. 0.5
- ✓ D. 1

**Q.33** एक पर्स में ₹1 और ₹2 के सिक्के 3 : 2 के अनुपात में हैं। यदि कुल धनराशि ₹70 है, तो कुल कितने सिक्के हैं?

**Ans**
- ✓ A. 50
- ✗ B. 45
- ✗ C. 40
- ✗ D. 35

Q.34 एक कक्षा के 20 विद्यार्थियों की औसत आयु 29 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 30 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्षों में) कितनी है?

Ans
✔ A. 50
✗ B. 49
✗ C. 53
✗ D. 52

Q.35 स्मार्ट बाज़ार घरेलू सामानों पर '14 खरीदें, 11 मुफ़्त पाएं' ऑफर दे रहा है। स्मार्ट बाज़ार द्वारा दिया जा रहा शुद्ध छूट प्रतिशत कितना है?

Ans
✔ A. 44%
✗ B. 45%
✗ C. 48%
✗ D. 46%

Q.36 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 4000 और 5000 के मध्य सबसे बड़ी संख्या है जो 42 से पूर्णतः विभाज्य है?

Ans
✗ A. 4446
✗ B. 4032
✔ C. 4998
✗ D. 4956

Q.37 रमन की आय ₹50,400 है। वह अपनी आय के 7.5% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 26% की और व्यय में 45% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ____________ होगी।

Ans
✗ A. ₹7,872 की वृद्धि
✗ B. ₹7,880 की कमी
✔ C. ₹7,875 की कमी
✗ D. ₹7,878 की वृद्धि

Q.38 एक बिना ढक्कन वाला आयताकार बॉक्स पतली धातु की चादर से बना है। बॉक्स की लंबाई 60 cm, चौड़ाई 40 cm और ऊंचाई 30 cm है। बॉक्स को बनाने में प्रयुक्त धातु की चादर का संपूर्ण क्षेत्रफल और चादर की लागत ज्ञात कीजिए, यदि 1 $m^2$ की लागत ₹50 है।

Ans
✔ A. ₹42
✗ B. ₹60
✗ C. ₹56
✗ D. ₹44

Q.39 किसी वस्तु का अंकित मूल्य, उसके क्रय मूल्य से 49% अधिक निर्धारित किया गया है। यदि व्यापारी उस वस्तु को अंकित मूल्य से 16% कम पर बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत (दशमलव के 1 स्थान तक पूर्णांकित) कितना होगा?

Ans
✗ A. 26.3%
✗ B. 28.8%
✗ C. 29.1%
✔ D. 25.2%

Q.40 42 m ऊँची इमारत के शीर्ष से, ज़मीन पर एक आदमी का अवनमन कोण 30° है। वह आदमी इमारत के आधार से कितनी दूरी पर है?

($\sqrt{3} = 1.7321$ लें और अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें)

Ans
✗ A. 74.25 m
✗ B. 79.25 m
✗ C. 77.75 m
✔ D. 72.75 m

Q.41 यदि किसी संख्या के 20% को 96 में जोड़ा जाता है, तो परिणाम में वही संख्या प्राप्त होती है। उसी संख्या का 60% कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 92
- ✗ B. 102
- ✗ C. 82
- ✓ D. 72

Q.42 एक संख्या में 15% की वृद्धि की जाती है और परिणामी संख्या में पुनः 10% की वृद्धि की जाती है। संख्या में कुल कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

Ans
- ✗ A. 15%
- ✗ B. 12.5%
- ✓ C. 26.5%
- ✗ D. 10%

Q.43 यदि p : q : r = 13 : 5 : 14 और r : s = 42 : 3 है, तो p : q : r : s का मान कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 39:15:42:3
- ✗ B. 36:19:45:4
- ✗ C. 41:22:45:8
- ✗ D. 40:19:48:9

Q.44 यदि दो संख्याओं का अनुपात 8 : 7 है, तथा उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 30 है, तो उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1662
- ✗ B. 1687
- ✓ C. 1680
- ✗ D. 1717

Q.45 एक मोटर चालक 50 मिनट में कुल 30 km की दूरी तय करता है। वह पहले 11 मिनट तक x km/hr की चाल से, फिर अगले 25 मिनट तक 2x km/hr की चाल से, और अंत में यात्रा के शेष भाग में x km/hr की चाल से ड्राइव करता है। x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 24
- ✗ B. 21
- ✗ C. 27
- ✗ D. 29

Q.46 ₹4328 की राशि A, B, C और D के बीच इस प्रकार विभाजित की जाती है कि A और B, B और C, तथा C और D के हिस्से क्रमशः 4 : 5, 4 : 5 और 6 : 7 के अनुपात में हैं। A का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 700
- ✗ B. 724
- ✓ C. 768
- ✗ D. 804

Q.47 दो पाइप एक टैंक को क्रमशः 10 और 12 मिनट में भर सकते हैं और एक अपशिष्ट पाइप प्रति मिनट 6 गैलन की दर से टैंक को खाली कर सकता है। तीनों पाइप साथ मिलकर टैंक को 30 मिनट में भर सकते हैं। टैंक की धारिता ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 45 गैलन
- ✓ B. 40 गैलन
- ✗ C. 25 गैलन
- ✗ D. 30 गैलन

Q.48 A, B और C एक काम को क्रमशः 3, 6 और 10 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, उसी काम का तीन गुना काम करने में उन्हें कितना समय (दिन में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 15
- ✓ B. 5
- ✗ C. 6
- ✗ D. 10

Q.49 चतुर्भुज PQRS में, ∠R और ∠S के समद्विभाजक बिंदु T (चतुर्भुज के भीतर) पर मिलते हैं और ∠STR = 40° है। यदि ∠P और ∠Q का अनुपात 3 : 5 है, तो ∠Q और ∠P के मापों में कितना अंतर है?

Ans
- ✗ A. 21°
- ✓ B. 20°
- ✗ C. 17°
- ✗ D. 24°

Q.50 एक परीक्षा में पूर्णांक 26 में से 15 विद्यार्थियों को 14, 12, 17, 16, 19, 13, 14, 15, 11, 23, 16, 22, 21, 18, और 25 अंक प्राप्त हुए। इन आंकड़ों के समुच्चय के संभावित बहुलकों का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 224
- ✗ B. 220
- ✗ C. 225
- ✗ D. 222

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.51 M, N, O, P, W, X और Y, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। O, P के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। O के बाईं ओर से गिनने पर, O और Y के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। P के बाईं ओर से गिनने पर, P और N के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। W, M के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। M के बाईं ओर से गिनने पर, X और M के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. चार

Q.52 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समूह के समान पैटर्न का अनुसरण करती है। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KGD−AWT
FBY−VRO

Ans
- ✗ A. XSO−MIF
- ✗ B. XSO−NJG
- ✓ C. XTQ−NJG
- ✗ D. XTQ−MJF

Q.53 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MORE' को '1637' के रूप में और 'DEMO' को '4176' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'D' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 1
- ✓ C. 4
- ✗ D. 7

| | | |
|---|---|---|
| Q.54 | सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।<br>D के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। D और E के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। A के ठीक ऊपर केवल को C रखा गया है। F को B से नीचे किसी स्थान पर तथा G के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। G के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं? | |
| Ans | ✗ A. 2<br>✗ B. 3<br>✔ C. 1<br>✗ D. 4 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.55 | मोहिनी बिंदु A से शुरू होकर दक्षिण की ओर 13 km चलती है। फिर वह दाएं मुड़ती है, 7 km चलती है, फिर दाएं मुड़ती है और 7 km चलती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 3 km चलती है। अंत में वह बाएं मुड़ती है, 6 km चलती है और बिंदु P पर रुकती है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए?<br><br>(नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।) | |
| Ans | ✗ A. दक्षिण की ओर 7 km<br>✔ B. पूर्व की ओर 4 km<br>✗ C. उत्तर की ओर 8 km<br>✗ D. पश्चिम की ओर 4 km | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.56 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br><br>'A ? B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',<br>'A = B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और<br>'A √ B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'.<br><br>यदि 'C ? D @ E = F √ L' है तो C का L से क्या संबंध है? | |
| Ans | ✗ A. माता की बहन<br>✗ B. बहन<br>✗ C. पुत्री<br>✔ D. बहन की पुत्री | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.57 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?<br><br>IGP 3 KIO -10 MKN -23 OMM -36 ? | |
| Ans | ✔ A. QOL -49<br>✗ B. OPL -45<br>✗ C. PLO -44<br>✗ D. POI -47 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.58 | दी गई श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं। (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है)<br><br>(बाएं) 6 3 6 9 9 4 4 1 7 5 6 2 1 6 6 6 6 8 8 2 9 1 5 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद एक सम अंक है? | |
| Ans | ✗ A. चार<br>✗ B. तीन<br>✔ C. दो<br>✗ D. एक | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.59 | पांच व्यक्ति, L, M, N, O और P, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। N पंक्ति के दाएं छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। N का निकटतम पड़ोसी M नहीं है। N के ठीक बायीं ओर पड़ोस में P बैठा है। O के ठीक दायीं ओर पड़ोस में P बैठा है। N और M के बीच कौन बैठा है? | |
| Ans | ✗ A. P<br>✓ B. L<br>✗ C. N<br>✗ D. O | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.60 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएँ एक अंकीय हैं।<br><br>(बाएं) 3 & 6 © 3 6 © € % 6 & 4 9 5 4 % € £ $ % 9 1 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद भी एक प्रतीक है? | |
| Ans | ✗ A. 1<br>✗ B. 3<br>✓ C. 2<br>✗ D. 4 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.61 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।<br><br>कथन: सभी कांटे, केतली हैं। कुछ कांटे, कप हैं।<br><br>निष्कर्ष (I): कुछ केतली, कप हैं।<br>निष्कर्ष (II): सभी कप, कांटे हैं। | |
| Ans | ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।<br>✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।<br>✓ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।<br>✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.62 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) | |
| Ans | ✗ A. LD – OB<br>✗ B. FL – IJ<br>✓ C. MQ – PN<br>✗ D. PJ – SH | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.63 | सौरव बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 9 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 6 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 11 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 11 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 2 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।) | |
| Ans | ✗ A. दक्षिण में 6 km<br>✗ B. उत्तर में 6 km<br>✓ C. दक्षिण में 5 km<br>✗ D. उत्तर में 5 km | |

Q.64 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

6 B 44 A 3 D 21 C 44 = ?

Ans
- ✗ A. 110
- ✗ B. 112
- ✗ C. 113
- ✓ D. 111

Q.65 उत्तर दिशा की ओर अभिमुख 32 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, अनीता बाएँ छोर से 8वें स्थान पर है। यदि सविता, अनीता के दाएँ 9वें स्थान पर है, तो पंक्ति के दाएँ छोर से सविता का स्थान क्या है?

Ans
- ✗ A. 15वीं
- ✗ B. 18वीं
- ✗ C. 12वीं
- ✓ D. 16वीं

Q.66 निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की ओर की जानी चाहिए।

(बाएँ) 1 6 4 5 6 6 4 7 4 4 2 4 7 4 3 1 9 2 4 3 6 9 7 8 2 7 1 (दाएँ)

ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans
- ✗ A. सात
- ✓ B. पाँच
- ✗ C. छह
- ✗ D. चार

Q.67 उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(50, 1200, 12)
(4, 120, 15)

Ans
- ✗ A. (36, 1087, 15)
- ✗ B. (43, 2071, 24)
- ✓ C. (39, 858, 11)
- ✗ D. (12, 535, 22)

Q.68 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

11 D 30 C 42 A 3 B 4 = ?

Ans
- ✓ A. 37
- ✗ B. 39
- ✗ C. 38
- ✗ D. 35

Q.69 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

66 81 98 117 138 ?

Ans
- ✗ A. 152
- ✓ B. 161
- ✗ C. 159
- ✗ D. 151

Q.70 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

55 14 58 14 61 14 ?

Ans
- ✗ A. 65
- ✗ B. 14
- ✓ C. 64
- ✗ D. 62

Q.71 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

612 610 620 617 627 623 ?

Ans
- ✗ A. 637
- ✗ B. 635
- ✓ C. 633
- ✗ D. 631

Q.72 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समूह के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KJL−NMO
LKM−ONP

Ans
- ✗ A. VTU−YXZ
- ✗ B. VUW−XXY
- ✓ C. VUW−YXZ
- ✗ D. VTU−XWY

Q.73 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. MQ – JS
- ✗ B. RV – OX
- ✓ C. NR – PT
- ✗ D. UY – RA

Q.74 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
NSE MRD LQC KPB ?

Ans
- ✗ A. HOX
- ✗ B. HNW
- ✗ C. IOW
- ✓ D. JOA

**Q.75** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ नट, बोल्ट हैं।
कुछ बोल्ट, रिवेट हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ नट, रिवेट हैं।
(II) सभी रिवेट, बोल्ट हैं।

**Ans**
- ✔ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

**Q.76** निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 7 9 1 8 4 2 5 6 3 8 7 1 9 (दाएं)

ऐसी कितनी (बाएं से दाएं) विषम संख्याएं हैं, जिनके ठीक बाद सम संख्या है?

**Ans**
- ✗ A. एक
- ✗ B. दो
- ✔ C. तीन
- ✗ D. तीन से अधिक

**Q.77** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से, GKPY का संबंध JFST से है। उसी तरीके से, SQBE का संबंध VLEZ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, BBKP का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

**Ans**
- ✗ A. EKMI
- ✗ B. EKIO
- ✗ C. EWKM
- ✔ D. EWNK

**Q.78** सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के दाएं केवल एक व्यक्ति बैठा है। G और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं, जिनमें से कोई भी बाएं छोर पर नहीं बैठा है। F, C के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। A और B के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C के बाएं दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
- ✔ A. G
- ✗ B. E
- ✗ C. A
- ✗ D. D

**Q.79** एक निश्चित कूट भाषा में, 'TOUR' को '4139' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'BRUT' को '4318' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'B' का कूट क्या है?

**Ans**
- ✔ A. 8
- ✗ B. 4
- ✗ C. 3
- ✗ D. 1

Q.80 यदि + का अर्थ − है, − का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

28 + 11 − 3 ÷ 45 × 9 = ?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 14
- ✓ C. 0
- ✗ D. 9

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत ने कितने स्वर्ण पदक हासिल किए?

Ans
- ✓ A. 8
- ✗ B. 4
- ✗ C. 12
- ✗ D. 6

Q.82 मई 2025 में प्रदान किया गया 2025 का प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार निम्न में से किसने जीता?

Ans
- ✓ A. लियू जियाकुन (Liu Jiakun)
- ✗ B. जीन गैंग (Jeanne Gang)
- ✗ C. शिगेरु बान (Shigeru Ban)
- ✗ D. डेविड चिप्परफील्ड (David Chipperfield)

Q.83 जून 2025 में, भारत का प्रमुख जैव विविधता कार्यक्रम, भारतीय संरक्षण सम्मेलन (ICCON) 2025, निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित किया गया था?

Ans
- ✗ A. रायपुर
- ✓ B. देहरादून
- ✗ C. शिमला
- ✗ D. मदुरै

Q.84 बेंगलुरु एयरपोर्ट सिटी में लॉन्च किए गए नए ग्लोबल इनोवेशन हब 'डिस्ट्रिक्ट I' का उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ A. अंतरिक्ष मिशन और नियंत्रण केंद्र
- ✗ B. सैन्य ड्रोन विकास
- ✗ C. गहन तकनीकी उद्यमिता और AI नवाचार
- ✓ D. खुदरा और ई-कॉमर्स इनक्यूबेशन

Q.85 हाल ही में किस वन्यजीव क्षेत्र को भारत के 107वें राष्ट्रीय उद्यान के रूप में मान्यता दी गई है?

Ans
- ✗ A. पलामू (Palamau)
- ✓ B. सिमलीपाल (Similipal)
- ✗ C. बुक्सा (Buxa)
- ✗ D. नागरहोल (Nagarhole)

Q.86 किस दिग्गज को लॉरियस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2025 (Laureus Lifetime Achievement Award 2025) से सम्मानित किया गया?

Ans
- ✗ A. राफेल नडाल (Rafael Nadal)
- ✗ B. उसैन बोल्ट (Usain Bolt)
- ✓ C. केली स्लेटर (Kelly Slater)
- ✗ D. सेरेना विलियम्स (Serena Williams)

Q.87 भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, 1 अगस्त 2025 से, मार्केट रेपो और ट्राई-पार्टी रेपो (TREP) के कारोबार घंटों को बढ़ाकर कितने समय तक के लिए कर दिया गया?

Ans
- ✔ A. 4:00 PM
- ✘ B. 5:00 PM
- ✘ C. 6:00 PM
- ✘ D. 7:00 PM

Q.88 वित्तीय वर्ष 2025 में वनीकरण योजनाओं के लिए कुल वृक्षारोपण बजट कितना है?

Ans
- ✘ A. ₹756 करोड़
- ✘ B. ₹300 करोड़
- ✔ C. ₹684 करोड़
- ✘ D. ₹910 करोड़

Q.89 4 से 6 अगस्त 2025 तक आयोजित मौद्रिक नीति समिति (MPC) की 56वीं बैठक में, 2026-27 की पहली तिमाही के लिए अनुमानित वास्तविक GDP वृद्धि कितनी थी?

Ans
- ✘ A. 6.5%
- ✘ B. 6.3%
- ✔ C. 6.6%
- ✘ D. 6.8%

Q.90 6 जून 2025 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भारतीय भाषा अनुभाग (इंडियन लैंग्वेज सेक्शन) का शुभारंभ कहाँ किया गया?

Ans
- ✘ A. चेन्नई
- ✘ B. हैदराबाद
- ✔ C. नई दिल्ली
- ✘ D. मुंबई

Q.91 कौन-सी भारतीय पर्यावरण कार्यकर्ता 2025 में युवा आंदोलन (Youth movement) का नेतृत्व करने के लिए चर्चा में था?

Ans
- ✘ A. दिशा रवि (Disha Ravi)
- ✘ B. रिधिमा पांडे (Ridhima Pandey)
- ✔ C. लिसिप्रिया कंगुजम (Licypriya Kangujam)
- ✘ D. मेधा पाटकर (Medha Patkar)

Q.92 निम्नलिखित में से किस संस्थान ने तेज बारिश की चेतावनी देने के लिए, मई 2025 में लॉन्च हुई भारत पूर्वानुमान प्रणाली विकसित की है?

Ans
- ✔ A. भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान
- ✘ B. राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र
- ✘ C. भारतीय विज्ञान संस्थान
- ✘ D. भारत मौसम विज्ञान विभाग

Q.93 जून 2025 में पंजाब में निम्नलिखित में से कौन सा पोर्टल लॉन्च किया गया, जिसने भूमि रिकॉर्ड को डिजिटल बनाने और रजिस्ट्री सेवाओं में भ्रष्टाचार को रोकने में मदद की है?

Ans
- ✘ A. पंजाब लैंड रिकॉर्ड्स सिस्टम (Punjab Land Records System)
- ✔ B. आसान जामाबंदी पोर्टल (Easy Jamabandi Portal)
- ✘ C. डिजिटल रजिस्ट्री पंजाब (Digital Registry Punjab)
- ✘ D. पंजाब भुलेख पोर्टल (Punjab Bhulekh Portal)

| | |
|---|---|
| Q.94 | जून 2025 में लंदन अंतर्राष्ट्रीय विवाद सप्ताह (LIDW) के दौरान भारतीय मध्यस्थता परिषद (ICA) द्वारा 'भारत-यूके वाणिज्यिक विवादों में मध्यस्थता' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का कौन-सा संस्करण आयोजित किया गया था? |
| Ans | ✗ A. पांचवा<br>✗ B. दूसरा<br>✗ C. चौथा<br>✓ D. तीसरा |

| | |
|---|---|
| Q.95 | अनुराग कश्यप की आगामी द्विभाषी एक्शन-थ्रिलर फिल्म डकैत (Dacoit) में मृणाल ठाकुर के साथ कौन-सा अभिनेता है? |
| Ans | ✗ A. दुलकर सलमान<br>✗ B. पृथ्वीराज सुकुमारन<br>✗ C. फहद फासिल<br>✓ D. अदिवि सेश |

| | |
|---|---|
| Q.96 | जनवरी 2025 में किस निशानेबाज को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया? |
| Ans | ✓ A. मनु भाकर<br>✗ B. स्वप्निल कुसाले<br>✗ C. सरबजोत सिंह<br>✗ D. अनीश भानवाला |

| | |
|---|---|
| Q.97 | 2025 में वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज कौन बने? |
| Ans | ✗ A. शिव थापा (Shiva Thapa)<br>✗ B. अभिनाश जामवाल (Abhinash Jamwal)<br>✓ C. हितेश गुलिया (Hitesh Gulia)<br>✗ D. अमित पंघाल (Amit Panghal) |

| | |
|---|---|
| Q.98 | भारतीय चुनाव आयोग (ECI) द्वारा 2025 में विकसित किए जा रहे नए डिजिटल प्लेटफॉर्म का नाम क्या है? |
| Ans | ✗ A. वोटरहब (VoterHub)<br>✓ B. ECINET<br>✗ C. इलेक्शनलिंक (ElectionLink)<br>✗ D. ECI कनेक्ट (ECI Connect) |

| | |
|---|---|
| Q.99 | हाई सीज ट्रीटी (High Seas Treaty) के लागू होने के बाद इसका प्रयोजन किस प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करना है? |
| Ans | ✗ A. वैश्विक मत्स्य पालन कोटा स्थापित करना<br>✗ B. वाणिज्यिक शिपिंग लेन को प्रतिबंधित करना<br>✓ C. समुद्री संरक्षित क्षेत्र बनाना<br>✗ D. गहरे-समुद्र में खनन पर प्रतिबंध लगाना |

| | |
|---|---|
| Q.100 | जनवरी 2025 में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) ने दक्षिण भारत की पहली संक्रामक रोग अनुसंधान और निदान प्रयोगशाला (IRDL) स्थापित करने के लिए निम्नलिखित में से किस संस्थान को चुना था? |
| Ans | ✗ A. श्री रामचंद्र मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, चेन्नई<br>✗ B. कामिनेनी एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर, हैदराबाद<br>✓ C. बैंगलोर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (BMCRI)<br>✗ D. क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (CMC), वेल्लोर |

"